संख्या-16/2017/2010/78-2-2017-01आईटी/2012

प्रेषक,

संजीव सरन,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2 लखनऊ:दिनांक: 17 अगस्त, 2017

विषय:- सीएससी ई-गवर्नेन्स सर्विसेज इंण्डिया लि0 द्वारा जनपदो मे आधार मशीन लगाये जाने एवं 20 अगस्त, 2017 को आधार मेला के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया मुख्य सचिव की अध्यक्षता दिनांक 12-8-2017 को मण्डलायुक्तो के साथ हुई बैठक का संज्ञान लेने का कष्ट करे, जिसमे अधिक से अधिक नागरिको का आधार इनरोलमेन्ट कराये जाने हेतु जनपदो में मशीनो को लगाने हेतु अनुरोध किया गया था। उक्त के क्रम में सीएससी ई- गवर्नेन्स सर्विसेज इंडिया लि0 को जनपद मुख्यालयों, तहसील मुख्यालयों एवं ब्लाक मुख्यालयों पर आधार मशीनो को लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।

2- उपरोक्त के क्रम में सीएससी ई- गवर्नेन्स सर्विसेज इंडिया लि0 संस्था द्वारा अपने पत्र दिनांक 16-8-2017 (प्रति संलग्न) द्वारा उन स्थानों की लिस्ट उपलबध कराने का अनुरोध किया गया है, जहॉ नागरिको का आवागमन सुचारू रूप से हो सके, इन स्थानो पर बिजली एवं बैठने की उपर्युक्त व्यवस्था हो। इन स्थानां पर सीएससी ई-गवर्नेन्स सर्विसेज इण्डिया लि0 द्वारा आधार मशीनो को लगाकर अधिक से अधिक नागरिको का आधार एनरोल मे कराया जाएगा। उक्त के अतिरिक्त अधिक से अधिक नागरिको का आधार एनरोलमेंट कराने के हेतु सीएससी ई-गवर्नेन्स सर्विसेज इण्डिया लि0 द्वारा जनपद मुख्यालयो पर 20-8-2017 को आधार मेला का आयोजन किया जाना ही प्रस्तावित है एवं उक्त के क्रम में जनपद स्तर पर उक्त मेलो के आयोजन हेतु जनपद मुख्यालयों पर उचित स्थान, जिसमे बिजली एवं बैठने की व्यवस्था इत्यादि हो को उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे कहने का निदेश हुआ है कि कृपया जनपद, तहसील एवं ब्लाक में परमामेन्ट इनरोलमेन्ट सेन्टर्स लगाये जाने हेतु सीएससी ई- गवर्नेन्स सर्विसेज इंडिया लि0 संस्था को उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराये जाने एवं दिनांक 20-8-2017 को आधार मेले के आयोजन के संबंध में सहयोग प्रदान किये जाने का कष्ट करे।

सीएससी ई- गवर्नेन्स सर्विसेज इंडिया लि0 के सम्पर्क सूत्रो का विवरण निम्नवत है:-

क्रमांक	नाम	पद	मोबाइल नं0-	ई-मेल
1-	श्री अतुलित राय	स्टेट हेड, उ0प्र0	9792200220	atulit.rai@cac,gov.in
2-	श्री अवनीश कुमार	सीनियर मैनेजर	9919998319	avanish.singh@cac,gov.in

भवदीय,

संजीव सरन
अपर मुख्य सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।